# व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, भोपाल

"चयन भवन" मेन रोड नं. 1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल–462011

(2236)

क्रमांक व्यापम/5–प–1/2829/2014 भोपाल, दिनांक 07/5/2014

/ आदेश /

व्यापम द्वारा आयोजित प्री0मेडीकल टेस्ट 2013 के अंतर्गत रोल नंबर आवंटन में प्रकाश में आई अनियमितता के फलस्वरूप पुलिस थाना राजेन्द्र नगर, इंदौर में पंजीबद्ध अपराध प्रकरण क्रमांक 539/2013 की विवेचना के दौरान स्पेशल टास्क फोर्स द्वारा प्रकरण के अंतर्गत व्यापम के आरोपियों क्रमशः डॉ0 पंकज त्रिवेदी, तत्कालीन नियंत्रक, नितिन मोहिन्द्रा, तत्कालीन कम्प्यूटर शाखा प्रभारी, अजय कुमार सेन, तत्कालीन सिस्टम एनालिस्ट एवं सी0के0मिश्रा, तत्कालीन प्रोग्रामर तथा प्रकरण के अन्य आरोपियों से पूछताछ करने पर यह पाया गया कि व्यापम द्वारा आयोजित प्री0मेडीकल टेस्ट 2012 में भी पी0एम0टी0 2013 के समान आरोपीगणों द्वारा रोल नंबर आवंटन में अनियमितता कर अनेक अभ्यर्थियों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया है तथा अवैध लाभ अर्जित किया गया है । स्पेशल टास्क फोर्स द्वारा प्रकरण के आरोपियों से पूछताछ के दौरान यह भी पाया गया कि आरोपियों द्वारा राजस्थान, बिहार एवं उत्तर प्रदेश आदि राज्यों तथा मध्य प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से स्कोरर छात्रों को बुलवाकर उनके आवेदन पत्र पी0एम0टी0 2012 में भरवाते हुए अन्य छात्रों के आस पास उनके रोल नंबर व्यापम के अधिकारियों के माध्यम से सेट कराते हुए कुछ अभ्यर्थियों को अनुचित लाभ प्रदान किया गया एवं परीक्षा प्रणाली को क्षति पहुंचाकर अनेक मेधावी छात्रों को नुकसान पहुंचाया ।

2. सहायक पुलिस महानिरीक्षक, स्पेशल टास्क फोर्स, मध्यप्रदेश के पत्र क्रमांक समनि/एसटीएफ/मुख्यालय/2013 एम 155 दिनांक 23.10.2013 के प्रकाश में व्यापम द्वारा प्री0मेडीकल टेस्ट 2012 के अंतर्गत रोल नंबर आवंटन के लाजिक से आवंटित रोल नंबरों का परीक्षण, समग्र छानबीन एवं निष्कर्ष हेतु कम्प्यूटर विशेषज्ञों की तकनीकी समिति गठित की गयी । कम्प्यूटर विशेषज्ञों की तकनीकी समिति द्वारा प्री0 मेडीकल टेस्ट 2012 के अंतर्गत रोल नंबर आवंटन में उपयोग में लाए गए लाजिक को ज्ञात कर ज्ञात लाजिक से परीक्षण करने पर कुल 701 अभ्यर्थियों को रोल नंबरों के आवंटन के उपरांत उसे परिवर्तित किया जाना पाया गया । आवंटन उपरांत परिवर्तित पाए गए कुल 701 रोल नंबरों का समग्र परीक्षण संयुक्त नियंत्रक, परीक्षा शाखा द्वारा किया गया जिसके अंतर्गत संयुक्त नियंत्रक कम्प्यूटर शाखा द्वारा उपलब्ध कराए गए परीक्षा कक्ष में आगे पीछे बैठे अभ्यर्थियों द्वारा अपनी उत्तर शीट पर अंकित किए गए एक समान उत्तर, एक समान गलत उत्तर, असमान उत्तर, खाली उत्तर एवं गलत समान उत्तरों, व्यापम में उपलब्ध डाटा, अभिलेखों एवं स्ट्रांग रूम प्रभारी द्वारा उपलब्ध कराए गए स्ट्रांग रूम में संधारित परीक्षा कक्षों की बैठक व्यवस्था से संबंधित सीटिंग प्लान के आधार पर परीक्षण किया गया । परीक्षणोपरांत नकल की पुष्टि पाए जाने पर 701 परिवर्तित रोल नंबरों में से परीक्षा शहर भोपाल एवं इंदौर के 03–03 परीक्षा केन्द्रों तथा परीक्षा शहर शहडोल के 01 परीक्षा केन्द्र से परीक्षा में सम्मिलित हुए

....2/–

कुल 272 अभ्यर्थियों को यू0एफ0एम0 प्रकरण मान्य करते हुए इनका परीक्षा परिणाम व्यापम के आदेश क्रमांक व्यापम/5–प–1/2521/2014 दिनांक 24/04/2014 के द्वारा तत्काल प्रभाव से निरस्त किया गया । साथ ही 14 अभ्यर्थियों की ओ0एम0आर0 उत्तर शीट में व्यापम के आरोपी अधिकारियों द्वारा स्वयं गोले काले कर अनुचित लाभ प्रदान किए जाने की पुष्टि होने के कारण 14 अभ्यर्थियों को यू0एफ0एम0 प्रकरण मान्य करते हुए व्यापम के आदेश क्रमांक व्यापम/5–प–1/2523/2014 दिनांक 24/04/2014 के माध्यम से इनका परीक्षा परिणाम तत्काल प्रभाव से निरस्त किया गया ।

3. प्री0मेडीकल टेस्ट 2012 के अंतर्गत 701 परिवर्तित रोल नंबरों में बनने वाले कुल 255 समूहों (510 अभ्यर्थियों) के अंतर्गत 272 अभ्यर्थियों का परीक्षा परिणाम निरस्त किए जाने के पश्चात शेष संदिग्ध अभ्यर्थियों का पुनः गहन परीक्षण उपलब्ध अभिलेखों, डाटा एवं परीक्षा कक्ष के सीटिंग प्लान के आधार पर किया गया ।

4. कुल 701 परिवर्तित रोल नंबरों में से भोपाल परीक्षा शहर के परीक्षा केन्द्र **शा0 कमला नेहरू कन्या उ0मा0 विद्यालय** एवं **शा0 कस्तूरबा हा0से0 स्कूल,** इंदौर परीक्षा शहर के परीक्षा केन्द्र **श्री के0बी0पटेल गुजराती कन्या हा0से0 स्कूल, पी0एम0बी0 गुजराती साईंस कालेज,** एवं **आर0आर0एम0बी0 गुजराती उ0मा0 विद्यालय** तथा शहडोल परीक्षा शहर के परीक्षा केन्द्र **शा0 इंदिरा गांधी कन्या महाविद्यालय के अंतर्गत परिशिष्ट–2** पर उल्लेखित अभ्यर्थियों के प्राप्तांक लगभग एक समान होने पर इनका परीक्षण इनके द्वारा उत्तर शीट पर अंकित किए गए एक समान उत्तरों तथा गलत समान उत्तरों से किया गया, जिनमें अत्यधिक समानता पाई गई । इन अभ्यर्थियों द्वारा अपनी उत्तर शीट पर अंकित किए गए एक समान गलत उत्तरों की संख्या भी अधिक पाई गई है जो इनके द्वारा आपस में नकल करने से ही संभव हुई है । इन अभ्यर्थियों के परीक्षा कक्षों के सीटिंग प्लान का परीक्षण करने पर भी यह पाया गया कि नकल कराए जाने के उद्देश्य से इनके रोल नंबर आगे पीछे तथा किसी किसी कक्ष में लाईनों के अंत में आवंटित किए गए हैं । उक्त परीक्षा केन्द्रों में आवंटित रोल नंबरों में कहीं कहीं पर एक पैटर्न यह उभरकर आया है कि मध्यप्रदेश के अभ्यर्थी को अन्य प्रदेश के अभ्यर्थी के साथ आगे पीछे रोल नंबर आंवटित किये गये हैं । इसके अतिरिक्त मध्यप्रदेश के बाहर के राज्यों के कुछ अभ्यर्थियों तथा मध्यप्रदेश के अभ्यर्थियों द्वारा अपने मूल निवास के एवं आस पास के शहरों को छोड़कर भोपाल, इंदौर एवं शहडोल शहरों को परीक्षा हेतु चयनित किया जाना भी संदिग्ध है । **यहां यह भी उल्लेखनीय है कि इंदौर परीक्षा शहर के परीक्षा केन्द्र श्री के0बी0पटेल गुजराती कन्या हा0से0स्कूल के अंतर्गत अनुक्रमांक 433019, 433039, 433053, 433074 तथा 433087 द्वारा परीक्षा कक्ष में अपने आगे एवं पीछे बैठे दोनों अभ्यर्थियों को**

....3/–

**नकल कराया जाना परिलक्षित हुआ है। अतः उक्त 05 अनुक्रमांक परिशिष्ट–2 में दो–दो समूहों में उल्लेखित है। इसी प्रकार इस केन्द्र के अनुकमांक 433017, 433018, 433038, 433052, 433073 एवं 433088 कुल 6 अभ्यर्थियों के परीक्षा परिणाम मंडल द्वारा पूर्व में निरस्त किए जा चुके हैं । परिशिष्ट – 2 में उल्लेखित परीक्षा शहर इंदौर के अंतर्गत परीक्षा केन्द्र पी0एम0बी0 गुजराती साईंस कालेज से परीक्षा में सम्मिलित अनुकमांक 433505 का परीक्षा परिणाम भी मंडल द्वारा पूर्व में निरस्त किया जा चुका है । परीक्षा शहर इंदौर के ही परीक्षा केन्द्र आर0आर0एम0बी0 गुजराती उ0मा0विद्यालय से परीक्षा में सम्मिलित अनुकमांक 433959, 433994, 434006, 434030 तथा 434043 द्वारा परीक्षा कक्षों में अपने आगे और पीछे बैठे दोनों अभ्यर्थियों को नकल करवाया जाना परिलक्षित होता है इसी कारण संलग्न परिशिष्ट 2 में उक्त 5 अभ्यर्थी दो–दो समूहों में उल्लेखित है । इसी केन्द्र से सम्मिलित अनुकमांक 433904, 433947, 433958, 433995, 434000, 434007, 434031 एवं 434042 (कुल 8 अभ्यर्थी) का परीक्षा परिणाम मंडल द्वारा पूर्व में निरस्त किए जा चुका है** । इस प्रकार परीक्षणोपरांत यह निष्कर्ष निकलता है कि इन अभ्यर्थियों द्वारा षडयंत्रपूर्वक अपने रोल नंबर आवंटन को प्रभावित कर परीक्षा केन्द्र में इस तरह बैठने की व्यवस्था निर्मित की गयी कि इनके द्वारा आपस में नकल की जा सके तथा वास्तव में नकल भी की गयी । संयुक्त नियंत्रक (परीक्षा) द्वारा किए गए उपरोक्तानुसार परीक्षण एवं यू0एफ0एम0 प्रकरण मान्य किए जाने संबंधी निष्कर्षों से सहमत होते हुए नियंत्रक द्वारा सम्पूर्ण वस्तुस्थिति से व्यापम के संचालक एवं अध्यक्ष को अवगत कराते हुए सक्षम अनुमोदन प्राप्त किया गया ।

5. अतः परीक्षा शहर भोपाल, इंदौर एवं शहडोल के अंतर्गत कंडिका 3 में उल्लेखित परीक्षा केन्द्रों से परीक्षा में सम्मिलित परिशिष्ट–2 अनुसार अभ्यर्थियों का परीक्षण व्यापम में उपलब्ध डाटा, अभिलेखों, परीक्षा कक्ष के सीटिंग प्लान एवं सहायक पुलिस महानिरीक्षक, एस.टी.एफ. मुख्यालय के पत्र समनि/एसटीएफ/मुख्यालय/2014 एचक्यू 88 दिनांक 28.01.2014 के आधार पर किए जाने के पश्चात उक्त परीक्षा केन्द्रों से सम्मिलित 47 अभ्यर्थियों को अनुचित लाभ प्रदान करने हेतु नकल कराए जाने के उद्देश्य से आगे पीछे रोल नबर आवंटित करते हुए इन अभ्यर्थियों द्वारा नकल किए जाने की पुष्टि होती है । अतः प्री0 मेडीकल टेस्ट 2012 की नियम पुस्तिका के **अध्याय 4** की **कंडिका 4 महत्वपूर्ण** एवं **कंडिका क्रमांक 4.9** के तहत **परिशिष्ट–2** में उल्लेखित कुल 47 अभ्यर्थियों को यू.एफ.एम. प्रकरण मान्य कर इनका परीक्षा परिणाम तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है ।

संलग्न– परिशिष्ट–2

(अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित)

संचालक
व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
भोपाल

....4/–

पृ0 क्रमांक व्यापम / 5–प–1 /                / 2014                                  भोपाल, दिनांक

प्रतिलिपि –

1. प्रमुख सचिव, म0प्र0शासन, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग, मंत्रालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ ।
2. प्रमुख सचिव, म0प्र0शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आगामी कार्यवाही हेतु ।
3. अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, स्पेशल टास्क फोर्स, मध्यप्रदेश, 7वीं वाहिनी के बगल में, जहांगीराबाद, भोपाल की ओर सूचनार्थ ।
4. संचालक, चिकित्सा शिक्षा संचालनालय, सतपुडा भवन, भोपाल की ओर तत्काल आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

8-7-10

संचालक

व्यावसायिक परीक्षा मण्डल

भोपाल

2240

## प्री0मेडीकल टेस्ट–2012 परिशिष्ट– 2

परीक्षा शहर – भोपाल
परीक्षा केन्द्र – शा0 कमला नेहरू कन्या उ0मा0 विद्यालय

| समूह क्रमांक | अभ्यर्थी का नाम एवं मूल निवास का शहर | अनुक्रमांक | प्राप्तांक | एक समान उत्तर | सही समान उत्तर | गलत समान उत्तर | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | विजय बठोलिया जयपुर (राजस्थान) | 413091 | 129 | 150 | 117 | 33 | – |
| | नवनीत पाटीदार धार | 413092 | 169 | | | | |
| 02 | अवनीश कुमार भोपाल | 413139 | 141 | 161 | 129 | 32 | – |
| | इकबाल बक भोपाल | 413140 | 170 | | | | |

परीक्षा शहर – भोपाल
परीक्षा केन्द्र – शा0 कस्तूरबा हा0से0 स्कूल

| समूह क्रमांक | अभ्यर्थी का नाम एवं मूल निवास का शहर | अनुक्रमांक | प्राप्तांक | एक समान उत्तर | सही समान उत्तर | गलत समान उत्तर | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 03 | नीतेश कुमार जयपुर (राजस्थान) | 413573 | 162 | 167 | 132 | 35 | – |
| | वीनम ओशीन सिंह इंदौर | 413574 | 144 | | | | |

परीक्षा शहर – इंदौर
परीक्षा केन्द्र – श्री के0बी0पटेल गुजराती कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल

| समूह क्रमांक | अभ्यर्थी का नाम एवं मूल निवास का शहर | अनुक्रमांक | प्राप्तांक | एक समान उत्तर | सही समान उत्तर | गलत समान उत्तर | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04 | सचिन चौहान इंदौर | 433016 | 145 | 126 | 104 | 22 | – |
| | **मनोज कुमार निशाद इंदौर** | **433017** | **131** | | | | **पूर्व में परीक्षा परिणाम निरस्त** |
| 05 | **संतोष दामोर झाबुआ** | **433018** | **131** | 114 | 90 | 24 | **पूर्व में परीक्षा परिणाम निरस्त** |
| | प्रवीण कुमार दास कोटा (राजस्थान) | 433019 | 134 | | | | – |
| 06 | प्रवीण कुमार दास कोटा (राजस्थान) | 433019 | 134 | 156 | 122 | 34 | – |
| | सतीश शाक्य ग्वालियर | 433020 | 166 | | | | – |
| 07 | **राहुल चौहान बड़वानी** | **433038** | **116** | 92 | 69 | 23 | **पूर्व में परीक्षा परिणाम निरस्त** |
| | मनीष जोशी इंदौर | 433039 | 116 | | | | – |
| 08 | मनीष जोशी इंदौर | 433039 | 116 | 166 | 92 | 74 | – |
| | नीलेश पटेल इंदौर | 433040 | 110 | | | | – |
| 09 | शैलेन्द्र मंडलोई इंदौर | 433046 | 194 | 115 | 70 | 45 | – |
| | रूचि सोनगरा इंदौर | 433047 | 126 | | | | – |
| 10 | **श्रवण मेहता पानसेमल** | **433052** | **127** | 80 | 57 | 23 | **पूर्व में परीक्षा परिणाम निरस्त** |
| | राम निवास कुशवाहा इंदौर | 433053 | 81 | | | | – |
| 11 | राम निवास कुशवाहा इंदौर | 433053 | 81 | 131 | 56 | 75 | – |
| | राकेश मकवाने बड़वानी | 433054 | 82 | | | | – |

| समूह क्रमांक | अभ्यर्थी का नाम एवं मूल निवास का शहर | अनुक्रमांक | प्राप्तांक | एक समान उत्तर | सही समान उत्तर | गलत समान उत्तर | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | रविकांत कौशिक श्योपुर | 433058 | 125 | 152 | 96 | 56 | – |
| | संदीप कोचरा झाबुआ | 433059 | 112 | | | | – |
| 13 | **कृष्णा शर्मा सागर** | **433073** | **177** | 155 | 138 | 17 | **पूर्व में परीक्षा परिणाम निरस्त** |
| | अशोक कुमार कोटा (राजस्थान) | 433074 | 158 | | | | – |
| 14 | अशोक कुमार कोटा (राजस्थान) | 433074 | 158 | 153 | 131 | 22 | – |
| | अनूप चंद कुशराम सिवनी | 433075 | 167 | | | | – |
| 15 | संत कुमार मौर्य इंदौर | 433086 | 175 | 165 | 145 | 20 | – |
| | गुंजित नायक झाबुआ | 433087 | 167 | | | | – |
| 16 | गुंजित नायक झाबुआ | 433087 | 167 | 144 | 127 | 17 | – |
| | **अंशुमन सिंह हमीरपुर (उ0प्र0)** | **433088** | **156** | | | | **पूर्व में परीक्षा परिणाम निरस्त** |

परीक्षा शहर – इंदौर
परीक्षा केन्द्र – पी0एम0बी0 गुजराती साईस कॉलेज

| समूह क्रमांक | अभ्यर्थी का नाम एवं मूल निवास का शहर | अनुक्रमांक | प्राप्तांक | एक समान उत्तर | सही समान उत्तर | गलत समान उत्तर | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | विवेक कुमार तिवारी इलाहाबाद (उ0प्र0) | 433405 | 127 | 153 | 102 | 51 | – |
| | अनुराग सिंगर झाबुआ | 433406 | 130 | | | | – |
| 18 | अनुग्रह वर्मा कानपुर (उ0प्र0) | 433477 | 167 | 160 | 126 | 34 | – |
| | कल्याण सिंह धार | 433478 | 140 | | | | – |
| 19 | प्रेमधर वर्मा इलाहाबाद (उ0प्र0) | 433489 | 146 | 128 | 91 | 37 | – |
| | निकिता जर्मन धार | 433490 | 103 | | | | – |
| 20 | प्रीति चौहान बड़वानी | 433504 | 159 | 135 | 116 | 19 | – |
| | **आसिफ इकबाल हमीरपुर (उ0प्र0)** | **433505** | **142** | | | | **पूर्व में परीक्षा परिणाम निरस्त** |

परीक्षा शहर – इंदौर
परीक्षा केन्द्र – आर0आर0एम0बी0 गुजराती उ0मा0विद्यालय

| समूह क्रमांक | अभ्यर्थी का नाम एवं मूल निवास का शहर | अनुक्रमांक | प्राप्तांक | एक समान उत्तर | सही समान उत्तर | गलत समान उत्तर | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | **अनूप कुमार शर्मा नागदा** | **433904** | **156** | 148 | 127 | 21 | **पूर्व में परीक्षा परिणाम निरस्त** |
| | राजीव कुमार इंदौर | 433905 | 160 | | | | – |
| 22 | शिवानी सिंह इंदौर | 433946 | 163 | 152 | 134 | 18 | – |
| | **सुदीप प्रताप सिंह इंदौर** | **433947** | **168** | | | | **पूर्व में परीक्षा परिणाम निरस्त** |
| 23 | **मोहिनी बाथम उज्जैन** | **433958** | **116** | 106 | 86 | 20 | **पूर्व में परीक्षा परिणाम निरस्त** |
| | मोहम्मद अकरम पीलीभीत (उ0प्र0) | 433959 | 141 | | | | – |

| समूह क्रमांक | अभ्यर्थी का नाम एवं मूल निवास का शहर | अनुक्रमांक | प्राप्तांक | एक समान उत्तर | सही समान उत्तर | गलत समान उत्तर | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | मोहम्मद अकरम पीलीभीत (उ0प्र0) | 433959 | 141 | 167 | 125 | 42 | – |
| | नेहा त्रिवेदी सागर | 433960 | 160 | | | | – |
| 25 | राजेश यादव इंदौर | 433993 | 135 | 147 | 122 | 25 | – |
| | पुनीत पटेल मण्डला | 433994 | 170 | | | | – |
| 26 | पुनीत पटेल मण्डला | 433994 | 170 | 156 | 138 | 18 | – |
| | **मोहम्मद अश्फाक इंदौर** | **433995** | **163** | | | | **पूर्व में परीक्षा परिणाम निरस्त** |
| 27 | **प्रियंका देवड़ा बदनावर** | **434000** | **151** | 148 | 122 | 26 | **पूर्व में परीक्षा परिणाम निरस्त** |
| | अमित शाक्य इंदौर | 434001 | 158 | | | | – |
| 28 | राजधारी यादव इंदौर | 434005 | 105 | 127 | 98 | 29 | – |
| | उषा मेवाड़ा सीहोर | 434006 | 166 | | | | – |
| 29 | उषा मेवाड़ा सीहोर | 434006 | 166 | 153 | 129 | 24 | – |
| | **प्रभाकर सिंह इंदौर** | **434007** | **155** | | | | **पूर्व में परीक्षा परिणाम निरस्त** |
| 30 | सफीकुर रहमान लखनऊ | 434029 | 161 | 169 | 135 | 34 | – |
| | वर्षा फूलवाड़े धार | 434030 | 148 | | | | – |
| 31 | वर्षा फूलवाड़े धार | 434030 | 148 | 109 | 96 | 13 | – |
| | **मोहम्मद अफरोज कानपुर** | **434031** | **126** | | | | **पूर्व में परीक्षा परिणाम निरस्त** |
| 32 | **शशांक पवैय्या देवास** | **434042** | **148** | 120 | 93 | 27 | **पूर्व में परीक्षा परिणाम निरस्त** |
| | विकास कुमार सिंह इंदौर | 434043 | 110 | | | | – |
| 33 | विकास कुमार सिंह इंदौर | 434043 | 110 | 139 | 90 | 49 | – |
| | विकास सिंह खरगोन | 434044 | 116 | | | | – |
| 34 | चंदबाबू इंदौर | 434108 | 155 | 133 | 115 | 18 | – |
| | हेमंत रावत इंदौर | 434109 | 146 | | | | – |

परीक्षा शहर – शहडोल
परीक्षा केन्द्र – शासकीय इंदिरा गॉधी कन्या महाविद्यालय

| समूह क्रमांक | अभ्यर्थी का नाम एवं मूल निवास का शहर | अनुक्रमांक | प्राप्तांक | एक समान उत्तर | सही समान उत्तर | गलत समान उत्तर | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 35 | धमेन्द्र कुमार पटना | 453605 | 145 | 165 | 125 | 40 | – |
| | रितू चतुर्वेदी सतना | 453606 | 147 | | | | – |
| 36 | बृजमोहन सिंह पटना | 453785 | 96 | 107 | 81 | 26 | – |
| | टिटिक्ष सिंह राज अंबिकापुर | 453786 | 156 | | | | – |